बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

Bihar Administrative Service Association

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800001
(पंजीयन संख्या–633 / 2003)
Website : basabihar.in, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुशील कुमार
मो0–9431091417, 7004466338
Email: shushilkumar09@gmail.com

महासचिव,
*खुर्शीद अनवर सिद्दिकी
मो0–9771048046
Email: siddiquikhursheed1@gmail.com

उपाध्यक्ष * किशोरी पासवान
* कमलेश सिंह
संयुक्त सचिव * अतुल कुमार वर्मा
* कुमार रविन्द्र
कोषाध्यक्ष * मिथिलेश कुमार साहू
सयुक्त कोषाध्यक्ष * मृणायक दास

पत्रांक 20   दिनांक 1-9-2019

दिनांक–01.09.2019 को केन्द्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक की कार्यवाही ।

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।

उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम वासा की आमसभा की तिथि पर विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरान्त दिनांक–24.11.2019 को रवीन्द्र भवन में आम सभा आयोजित करने पर निर्णय लिया गया। इसकी सूचना सभी जिला के सदस्य एवं पटना मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारी को एस.एम.एस. / पत्र के माध्यम से देने पर विचार किया गया।

सदस्यों को बताया गया कि वासा की केन्द्रीय इकाई द्वारा दिनांक–04.08.2019 को दरभंगा जिला में श्री राजीव कुमार, बि0प्र0से0 सम्प्रति जिला परिवहन पदाधिकारी, दरभंगा का त्याग पत्र देने के संदर्भ में बैठक की गई। बैठक में दूरभाष पर श्री राजीव द्वारा स्पष्ट किया गया कि त्याग पत्र उनका निजी निर्णय मामला है। इस कारण उनके द्वारा जिला ईकाई एवं केन्द्रीय ईकाई से उनके त्याग–पत्र पर कोई चर्चा नहीं किये जाने का अनुरोध किया गया। इस परिस्थिति में जिला इकाई दरभंगा एवं केन्द्रीय इकाई वासा द्वारा श्री राजीव के त्याग–पत्र मामले को संज्ञान में नहीं लिये जाने का निर्णय लिया गया।

श्री अनिल कुमार कोटि क्रमांक–850 / 2011 द्वारा संघ विरोधी किये जा रहे कार्यों के बारे में उपस्थित सदस्यों को विस्तार से बताया गया, इसका विवरणी केन्द्रीय कार्यकारिणी की

दिनांक–14.07.2019 को हुई बैठक में दी गई है। आज की बैठक में श्री अनिल कुमार को अपनी बात रखने हेतु आमंत्रित किया गया था, लेकिन श्री अनिल बैठक में भाग नहीं लिए। सभी सदस्यों द्वारा उनके द्वारा संघ विरोधी किये जा रहे कार्यों के लिए खेद व्यक्त किया गया तथा भविष्य में पुनरावृति होने पर पुनः चर्चा करने पर निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि श्री अनिल द्वारा संघ के विरोध में किये गये शिकायत की जानकारी संघ के सभी सदस्यों को दी जायेगी।

BASA के PAN के लिए आवेदन देने हेतु निर्णय लिया गया। PAN No. प्राप्त होने पर Section 12A के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु आवेदन देने का भी निर्णय लिया गया।

वर्ष 2003 में BASA का Registration Bihar Administrative Service Association के रूप में किया गया था, लेकिन उक्त वर्ष से अब तक सभी पत्राचार बिहार प्रशासनिक संघ के रूप में किया जाता रहा है जो उसका हिन्दी रूपान्तरण है। उपरोक्त पर इस संबंध में केन्द्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक दिनांक–14.07.2019 की कंडिका–8 में यह निर्णय लिया गया कि "बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसयेशन" निबंधित हुई है, जिसका निबंधन संख्या–633/2003–04 है। पूर्व से "बिहार प्रशासनिक सेवा संघ" के नाम से सभी कार्य हो रहे हैं। अतः "बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसयेशन" का हिन्दी रूपान्तरण "बिहार प्रशासनिक सेवा संघ" के नाम से किये जा रहे कार्यों को कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृति दी गई जिसकी सूचना निबंधक, महानिरीक्षक को देने पर विचार किया गया।" अगली आम सभा में इस प्रस्ताव को लाया जाएगा।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

1/9/19

खुर्शीद अनवर सिद्दिकी
महासचिव

01/9/19

सुशील कुमार
अध्यक्ष

ज्ञापांक–20, दिनांक–1-9-2019

प्रतिलिपि :– केन्द्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य/विशेष आमंत्रित सभी सदस्य/आमंत्रित सदस्य/अध्यक्ष/सचिव, सभी जिला इकाई को सूचनार्थ प्रेषित।

1/9/19

खुर्शीद अनवर सिद्दिकी
महासचिव